JALAUN POLICE

दिनांक – 16.04.2026

अपर पुलिस महानिदेशक महोदय, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण में कोतवाली उरई पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 03 अंतर्राज्यीय अभियुक्तगणो को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया गया।

दिनांक 16.04.2026 को कोतवाली उरई पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम को मुखविर द्वारा सूचना मिली की चोरी की घटना में संलिप्त 03 शातिर अंतरर्राज्यीय अभियुक्तगण मेडिकल कालेज परिसर के पास झाड़ियों में बैठकर चोरी की घटना कारित करने की फिराक में योजना बना रहे हैं। कोतवाली उरई पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम की संयुक्त टीम द्वारा शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु घेराबन्दी की जा रही थी तभी शातिर अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया , जिसमे पुलिस टीम बाल-बाल बची तथा आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी एवं नियंत्रित फ़ायरिंग की गई। जिसमें तीन अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गये तथा अभियुक्तो के पास से अवैध असलहा ,भारी मात्रा में ज़िंदा व खोखा कारतूस तथा नगदी इत्यादि बरामद किए गये। घायल अभियुक्तगण को तत्काल उपचार हेतु मेडिकल कालेज भिजवाया गया है।

अभियुक्तगणो से प्रारंभिक पूछताछ में इनके द्वारा देश के गुजरात, राजस्थान, बिहार व उत्तर-प्रदेश आदि प्रान्तो के विभिन्न जनपदो से चोरी की घटना कारित करना कबूल किया गया है।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्तगण का विवरण-

1.भारत भील पुत्र रमेश उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम चाम्झर थाना टांडा जिला धार मध्य प्रदेश
2.अनिल भील पुत्र भुवन सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम कदवाल बड़ी थाना बोरी जिला आलीराजपुर मध्य प्रदेश
3. दिनेश भील पुत्र ज्योत सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्रामि काकडवा थाना टांडा जिला धार मध्य प्रदेश

बरामदगी का विवरण-

1- 02 अदद तमंचा 315बोर व 05 अदद कारतूस (03 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस)

2- 01 अदद रिवाल्वर 32 बोर व 20 अदद कारतूस (17अदद जिन्दा व 03 अदद खोखा कारतूस) (प्रारम्भिक पूछताछ मे अभियुक्तगणो ने उक्त रिवाल्वर को आजमगढ मेडिकल कालेज परिसर से चोरी करना बताया।)

3- नगद 60,000 रुपये (मेडिकल कॉलेज कोतवाली उरई से संबन्धित चोरी के)

4- चोरी करने के उपकरण (पेचकस, पुलर, छेनी, कटर, रिंच आदि)

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय टीम जनपद जालौन।
2. प्रभारी एसओजी, प्रभारी सर्वेलांस मय टीम।

विस्तृत पूछताछ आख्या एंव अभियुक्तगणो का आपराधिक इतिहास अलग से प्रेषित किया जायेगा।